Title: Need to extend Jammu Tavi Express upto Ajmer, Rajasthan- Laid.

प्रो0 रासासिंह रावत (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, अजमेर राजस्थान की हृदयस्थली में स्थित है। अपनी धार्मिक, शैक्षिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन तथा साम्प्रदायिक सौहार्दता की दृटि से यह अंतर्राट्रीय ख्याति का नगर है। ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह तथा तीर्थराज पुकर में ब्रह्मा जी के मंदिर के दर्शनार्थ देश विदेश से प्रति र्वा लाखों यात्रियों का अजमेर आना होता है। अपनी विशिट धार्मिक, भौगोलिक एवं ऐतिहासिक स्थिति के कारण अजमेर का भारत माता के सरताज जम्मू कश्मीर से रेलवे की दृटि से जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। जम्मू के पास स्थिति वैणों देवी और अजमेर के पास स्थित पुकर दोनों ही करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र रहे हैं।

वर्तमान में जम्मू तवी एक्सप्रेस **(2413/2414)** जिसे पूजा एक्सप्रेस भी कहा जाता है। वह नियमित रूप से जयपुर जम्मू के बीच चलती है। यह गाड़ी दिनभर जयपुर में खड़ी रहती है। यदि इस गाड़ी को जयपुर से अजमेर तक बढ़ा दिया जाये तो अजमेर पुकर, वैणों देवी **(जम्मू)** से जुड़ जायेंगे। हजारों कश्मीरी लोग अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर जियारत करने आते हैं। अतः जम्मू तवी एक्सप्रेस का अजमेर तक चलना अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि जम्मू तवी एक्सप्रेस को अजमेर तक चलाया जाये।